हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

12 नप एमई को लगाई जबरदस्त फटकार 'एक-दूसरे को टोपी पहनाना बंद करो'



12 टॉप 300 यूनिवर्सिटियों में हुई शामिल हुई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी: बावा



## फतेहाबाद पंचायत समिति में सियासी घमासान

# वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर संकट अविश्वास पर मतदान 4 जून को

**कुर्सी बचाने के लिए कम से कम 20 सदस्यों का समर्थन जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद पंचायत समिति में चल रहा सियासी घमासान एक बार फिर तेज हो गया है। चेयरपर्सन के बाद अब वाइस चेयरमैन की कुर्सी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। समिति के कुछ सदस्यों द्वारा वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास जाहिर किए जाने के बाद प्रशासन ने इस संबंध में बैठक बुला ली है। आगामी 4 जून को दोपहर 2 बजे लघु सचिवालय में वाइस चेयरमैन मदनलाल के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए विशेष मीटिंग बुलाई गई है, जिसकी अध्यक्षता एडीसी अनुराग ढालिया करेंगे।



**फतेहाबाद।** जनवरी 2023 में सर्वसम्मति से वाइस चेयरमैन बने मदनलाल को बधाई देते तत्कालीन विधायक दुड़ाराम।

### सर्वसम्मति से चुने गए थे चेयरपर्सन व वाइस चेयरमैन



गौरतलब है कि जनवरी 2023 में तत्कालीन विधायक दुड़ाराम के नेतृत्व और समर्थन से फतेहाबाद पंचायत समिति के चेयरपर्सन व वाइस चेयरमैन का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था। उस समय वार्ड नंबर 14 की सदस्य पूजा अजय चराईपौत्रा को चेयरपर्सन और वार्ड नंबर 30 के सदस्य मदनलाल को वाइस चेयरमैन चुना गया था। तत्कालीन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के दौरान जजपा नेताओं ने भी इस पद के लिए जोर लगाया था, लेकिन पूर्व विधायक दुड़ाराम अपने समर्थकों को एकजुट रखने में सफल रहे थे। अब डेढ़ साल बाद बदले सियासी समीकरणों के बीच वाइस चेयरमैन की कुर्सी दांव पर लग गई है।

### सभी सदस्यों को भेजा नोटिस

फतेहाबाद पंचायत समिति में चेयरपर्सन सहित कुल 29 सदस्य हैं और प्रशासन की ओर से सभी सदस्यों को इस बैठक में शामिल होने के लिए आधिकारिक नोटिस भेज दिया गया है। इसके अलावा विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया को भी इस बारे सूचना दी गई है। नियमों के मुताबिक, वाइस चेयरमैन मदनलाल को अपनी कुर्सी बचाने के लिए कम से कम 20 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। एडीसी द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, यह बैठक हरियाणा पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 62 और पंचायती राज नियमावली 1995 के तहत बुलाई गई है।

### *ये करेंगे वाइस चेयरमैन का फैसला*

*पंचायत समिति के 29 सदस्य है। इनमें चेयरमैन पूजा चराईपौत्रा के अलावा वाइस चेयरमैन मदन लाल, सदस्य ब्रह्मजीत, सुनीता, भजनलाल, पिन्दर रानी, रमेश कुमार, रेणु, राकेश कुमार, हरभजन सिंह, सुमन, जीतराम, राजविन्द्र कौर, अमनदीप, प्रियंका, सुभाष चन्द, सीमा, सुभाष चन्द, अनिल कुमार, ओमकला, सुमन, संदीप, एकता रानी, फकीरचंद, रीना देवी, सुमन बाला, बिजेन्द्र, रानी, संदीप कुमार शामिल हैं।*

# पानी संकट पर फूटा वार्डवासियों का गुस्सा टोहाना-फतेहाबाद रोड सवा घंटे तक जाम

**प्रशासन और सरकार के खिलाफ की जोरदार नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

वार्ड नंबर 16 में लगातार गहराते पेयजल संकट को लेकर वीरवार शाम महिलाओं और स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने टोहाना-फतेहाबाद रोड पर जाम लगाकर प्रशासन और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते करीब सवा घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत देने के बावजूद समाधान नहीं होने पर मजबूर होकर लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।



### आश्वासन पर खुला रास्ता

वार्डवासियों ने बताया कि शाम करीब 4:40 बजे लोगों ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। बाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई मुख्तियार सिंह मौके पर पहुंचे और तुरंत पानी की सप्लाई शुरू करवाई। इसके बाद करीब 6 बजे लोगों ने जाम खोल दिया।

### नहीं मिल रहीं सुविधाएं

वार्ड निवासी लाभ सिंह, सूरज, महेंद्र, संतोष देवी और कमला देवी ने बताया कि उनका वार्ड शहर में होने के बावजूद यहां बिजली आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र की लाइन से दी जा रही है। हल्की आंधी या बारिश में बिजली के खंभे गिर जाते हैं, जिससे कई दिनों तक बिजली और पानी दोनों की सप्लाई प्रभावित रहती है।

### *रोडवेज ने किया 26 रूटों पर बस सर्विस का विस्तार*

***सिरसा।*** *रोडवेज डिपो में बसों रूटों से लेकर रोडवेज कर्मियों की ड्यूटी में काफी बदलाव किया गया है। करीब 40 ड्राइवर और कंडक्टर की ऑफिस ड्यूटी से रूटों पर जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। लंबे समय से बंद 26 से ज्यादा रोडवेज बसों को शुरू कर दिया गया है। इसके लिए 40 स्टाफ को रूट पर भेजा है और 150 से ज्यादा रूट है। रोडवेज प्रशासन ने दिल्ली रूट पर भी 7 अतिरिक्त सेवाएं बढ़ा दी है। पहले 15 बसों के फेरे लगते थे। अब 22 बसों के फेरे शुरू कर दिए गए हैं, जिनमें 10 एसी बसें शामिल है। इन बसों के शुरू होने से सिरसा के यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा चौपटा से चंडीगढ़, आदमपुर से हनुमानगढ़, भट्टू से सुरतगढ व हिसार से करणपुर के लिए बस सेवाएं बहाल कर दी है। इसका असर ये हुआ कि रूटों पर रोडवेज बसों के फेरे करीब 10 हजार से ज्यादा किलोमीटर बढ़ गए हैं।*

### *पर्स झपटमारी में दोषी को 5 वर्ष की कठोर कैद व दो हजार जुर्माना*

***फतेहाबाद।*** *अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवेंदु जैन की अदालत ने करीब 5 साल पुराने पर्स झपटमारी के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है।आरोपी राजविन्द्र उर्फ राजा को 5 वर्ष की कठोर कैद व 25 हजार रुपये और धारा 201 के तहत एक वर्ष की कैद व दो हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी देवेंद्र मित्तल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 9 जनवरी 2021 को भाटिया नगर, टोहाना निवासी कंचन कुमारी ने थाना शहर टोहाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, जब वह अपनी गली से गुजर रही थी, तभी स्कूटी पर सवार एक अज्ञात युवक उनका पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में नकदी, अलमारी की चाबियां और एक मोबाइल फोन था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी।*

**घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई**

## 15-20 लोगों ने घर में घुसकर दंपति पर बरसाए पत्थर, की मारपीट

**फतेहाबाद।** शहर के शिव चौक स्थित गोल कोठी क्षेत्र में देर रात दहशत फैलाने वाली वारदात सामने आई। 15 से 20 लोगों के समूह ने एक घर में घुसकर दंपति और उनकी बेटी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने घर में जमकर पथराव और तोडफ़ोड़ की। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें महिलाएं और युवक गली में खड़े होकर ईंटें फेंकते नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। मिली जानकारी के अनुसार रात को करीब 4-5 महिलाएं और 10-15 युवक पहुंचे। जैसे ही दरवाजा खोला तो आरोपियों ने मारपीट शुरू की दी।

**तेजधार हथियार से की गई हत्या**


## लखबीर सिंह हत्याकांड के चौथे दोषी को हुई उम्र कैद


**सिरसा।** की जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया की अदालत ने संतनगर गांव में लखबीर सिंह हत्या मामले में चौथे आरोपी सफाक (बिहार) को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जो न अदा करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना 4 दिसंबर 2019 की है, जब लखबीर सिंह पराली इकट्ठा करते समय खेत में सो रहे थे और कुछ लोगों से कहासुनी के चलते उनकी तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई। पहले ही राधेश्याम, शंकर और उमेश को दोषी ठहराया जा चुका था।

**गर्मी में बंद कमरों में न घुटें बेजुबान पक्षी**

## ताला लगाने से पहले एक नजर डालें अंदर कोई जिंदगी तो नहीं!

**फतेहाबाद।** एक तरफ भीषण गर्मी का कहर, दूसरी तरफ स्कूलों में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की दस्तक और इसी के बीच एक इंसान का दिल पसीज उठा उन बेजुबानों के लिए, जो न अपनी तकलीफ बता सकते हैं, न मदद मांग सकते हैं। समाजसेवी सुदर्शन नरूला ने फतेहाबाद के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों से एक ऐसी अपील की है, जो हर संवेदनशील इंसान के दिल को छू जाती है, छुट्टियों से पहले स्कूल के कमरों में ताला लगाने से पहले यह जरूर देख लें कि अंदर कोई पक्षी या उसके नन्हे बच्चे बंद तो नहीं रह गए।



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्तिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्तिक इसे च्युइं



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी


यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

बच्चो, जापान की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,
इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *


**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी
विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप



एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्राइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1 फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2 फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3 ब्रोमेलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4 रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




तन्वी, महेंद्रगढ़


आन्या, दुर्ग


ईशान, ईमेल से


दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर


रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### राम जाखड़ को इनाम में मिली बाइक

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव कागदाना में सीड्स कंपनी द्वारा इनाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों, व्यापारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। सीड्स कंपनी की ओर से कुल 480 इनाम निकाले गए। इसी कड़ी में गांव कागदाना स्थित जाखड़ ट्रेडिंग के संचालक बाग राम जाखड़ को बाइक का इनाम प्राप्त हुआ।

### एडमिशन व एजुकेशन मेला 27 मई को

**सिरसा।** शहर के श्री अग्रवाल सेवा सदन में आगामी 27 मई को एडमिशन व एजुकेशन मेला आयोजित किया जा रहा है। अविनाश फुटेला ने बताया कि इस मेले में 25 से अधिक प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज व कॉलेज भाग ले रहे हैं। इस मेले का उद्देश्य सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य के बेहतर विकल्प बताना है।

### लिंगानुपात सुधारने के लिए बैठक में मंथन

**सिरसा।** जिला के गांव भंबूर में पीएनडीटी सैल सिरसा द्वारा लिंगानुपात में सुधार के लिए मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में एचडब्ल्यूसी से स्टाफ आंचल सीएचओ, गोविंद कुमार एमपीएचडब्ल्यू, एएनएम कविता रानी, सीएचओ सोनिया, एलएचवी सुखदेव, दर्शना आशा कोर्डिनेटर व आशा वर्कर्स के साथ-साथ गांव के सरपंच, पंचायत मैंबर, सभी आंगनवाड़ी वर्कर्स तथा महिलाओं ने भाग लिया।

### राहुल गांधी के बयान की निंदा की

**सिरसा।** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनका वक्तव्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना और को दर्शाने वाला है। भारतीय राजनीति की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की परंपरा के विपरीत इस प्रकार की भाषा और सोच देशहित के लिए उचित नहीं कही जा सकती।

### ऑटो मार्केट में मिला शव पहचान में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** टोहाना शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित ऑटो मार्केट में वीरवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर जाखल रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### श्री दुर्गा मंदिर में मासिक भंडारा कल

**सिरसा।** श्री दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में पुरानी अनाज मंडी में स्थित श्री दुर्गा मंदिर, ओढ़ा में श्री दुर्गा सेवा मंडल की ओर से समस्त गांववासियों के सहयोग से आयोजित मासिक भंडारा 23 मई को आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने बताया कि 23 मई को शाम सात बजे कंजक पूजन के साथ ही भंडारा शुरू हो जाएगा।

### एडीसी ने नागरिकों की सुनीं समस्याएं

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने वीरवार को समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया।

### प्रशिक्षणार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने विभिन्न गांवों से प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है तथा युवा वर्ग समाज को नशामुक्त बनाने में विशेष भूमिका निभा सकता है।

---

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सातवें दिन भी रही जारी

# पुतला दहन और नारेबाजी के साथ पक्की नियुक्ति की मांग

*शहीद उधम सिंह चौक व संजय गांधी चौक जताया रोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया/भूना

अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। सरकार के रवैये से नाराज सफाई कर्मचारियों ने भूना व रतिया में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए रतिया के संजय गांधी चौक पर इकट्ठा हुए और वहां जिला प्रधान सुनील के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका। इस पूरे प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष गुरदास सिंह ने किया। इसके अलावा भूना में ग्रामीण सफाई कर्मचारी बीडीपीओ कार्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन करते हुए शहीद उधम सिंह चौक पर पंचायत मंत्री का पुतला दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान अनिल कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन ओमप्रकाश गोरखपुर द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के जिला कन्वीनर ओम प्रकाश अनेजा और ब्लॉक प्रधान अनिल कुमार ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने मांग की कि उच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए कर्मचारियों की मांगों को बिना किसी देरी के पूरा किया जाए। सभी कच्चे सफाई कर्मचारियों को एक कलम से पक्का किया जाए। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 31 दिसंबर 2025 के आदेश को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में 400 की आबादी पर एक स्थाई सफाई कर्मचारी की भर्ती हो और मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार व 27 हजार रुपये मासिक वेतन को लागू किया जाए। हर महीने की 7 तारीख तक कर्मचारियों के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वर्दी भत्ता, धुलाई भत्ता और काम के औजारों के भत्ते में उचित बढ़ोतरी की जाए। अनेजा ने कहा कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारी है।


रतिया। प्रदर्शन कर पंचायत मंत्री का पुतला फूंकते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

#### ओढ़ा : कर्मचारियों ने पुतला फूंककर निकाली शव यात्रा

**ओढ़ा।** खंड ओढ़ा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने वीरवार को हरियाणा के पंचायत मंत्री का पुतला फूंक कर रोष जाहिर किया। कर्मचारियों ने पूरे गांव में पुतले की शव यात्रा निकाली और बाद में धरनास्थल बीडीपीओ कार्यालय के बाहर पुतले को आग लगाई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान बलराज सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की हड़ताल आज सातवें दिन से प्रवेश कर गई है। भयंकर गर्मी के इस मौसम में प्रदेश सरकार ने 10 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को धरनों पर बैठने के लिए विवश कर दिया है। हर दिन किसी किसी ब्लॉक में गर्मी के कारण कोई सफाई कर्मचारी बेहोश हो रहा तो कोई बीमारी की चपेट में आ रहा है। लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल विस्तार कर रही है हर दिन कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताता कि हरियाणा सरकार ने 31 दिसंबर के उच्च न्यायालय का आदेश लागू नहीं किया, एक भी कच्चे ग्रामीण सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं, पिछले 12 साल में एक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की, ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए 26 हजार



वेतन की घोषणा करके आज तक लागू नहीं किया, दो साल पहले 1000 की आबादी पर एक कर्मचारी भर्ती करने वाली फाइल मुख्यमंत्री की टेबल पर धूल चाट रही है और पिछले दो साल से कोई वेतन बढ़ौतरी नहीं हुई, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती चली जा रही है।

---

### संस्कार शिक्षक भर्ती अभियान

# बच्चों को नैतिक शिक्षा और युवाओं को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

हरियाणा में बच्चों के नैतिक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट द्वारा संस्कार शिक्षक भर्ती अभियान शुरू किया गया है। यह भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ बच्चों को संस्कार, नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल से जोडऩा है, ताकि आने वाली पीढ़ी बेहतर सोच और मजबूत व्यक्तित्व के साथ आगे बढ़ सके। संस्था की ओर से जारी जानकारी के अनुसार फिलहाल यह भर्ती पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। ट्रायल आधार पर हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में इसे लागू किया जाएगा। चयनित संस्कार शिक्षक गांवों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को संस्कार, अनुशासन, भारतीय संस्कृति, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी शिक्षा प्रदान करेंगे। इसके साथ विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट की प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योति शर्मा ने बताया कि आज के समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक कौशल भी बेहद जरूरी है।

#### 1200 संस्कार शिक्षकों की होगी भर्ती

संस्था के अनुसार यदि यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहता है तो अगस्त 2026 में करीब 1200 अतिरिक्त पदों पर संस्कार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आगामी चरण में चयनित शिक्षकों को लगभग 18,500 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की संभावना है। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 मई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एचकेआरएन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार का हरियाणा निवासी होना तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होना अनिवार्य है।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**डबवाली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व विधायक अमित सिहाग ने कहा कि जब स्व. राजीव गांधी की हत्या हुई थी तब वो महज 10 साल के थे और उन्हें पूरी राजनीति की समझ नहीं थी, लेकिन फिर भी उनकी अमिट छाप उनके दिल में है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अपने छोटे से कार्यकाल के दौरान 18 साल की उम्र में वोट का अधिकार, पंचायती राज, कंप्यूटर क्रांति, 33 प्रतिशत महिलाओं को चुनाव लडऩे का आरक्षण, डिजिटल इंडिया की नींव रखने जैसे क्रांतिकारी काम किए जिसके चलते हमारा देश आधुनिक भारत के रूप में विकसित हुआ। सिहाग ने कहा कि एक तरफ जहां स्व. राजीव गांधी के छोटे से कार्यकाल में इतनी बड़ी उपलब्धियां देश को हासिल हुई वहीं मौजूदा सरकार के 12 साल के कार्यकाल में सरकार के पास गिनाने को कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार, अपराध, युवाओं की बेरोजगारी, किसानों का उत्पीडऩ,अव्यवस्था पूरे देश में फैली हुई है और सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही। इस अवसर पर पवन गर्ग, जगसीर मीठड़ी, विजय वर्मा, सुंदर दास मेहता, सुमित अनेजा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

## ऑपर्च्युनिटीज इन फील्ड वर्क प्रैक्टिकम विषय पर छात्र-संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के सोशल वर्क विभाग द्वारा चैलेंजेज एंड ऑपर्च्युनिटीज इन फील्ड वर्क प्रैक्टिकम विषय पर छात्र-संवाद सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के साथ रखे गए इस संवाद-सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के सोशल वर्क विभाग में सहायक प्रो. सतेंद्र सिंह ने कहा कि सोशल वर्क शिक्षा में फील्ड वर्क प्रैक्टिकम केवल एक अकादमिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि समुदाय के बीच जाकर कार्य करने से विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं की गहराई समझने तथा उनके समाधान के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिलता है।

## 90 से अधिक पुलिसकर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

*गर्मी के मौसम को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एसपी निकिता खट्टर के दिशा निर्देशन में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आज थाना यातायात फतेहाबाद में विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के मौसम में आमजन की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय पहल की गई। शिविर में हिसार के सर्वेश हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अंकुश सिवाच एवं उनकी टीम द्वारा 90 से अधिक पुलिसकर्मियों का मेडिकल चेकअप किया गया। इस दौरान विशेष रूप से नाकों एवं यातायात ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, शरीर का तापमान सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा पुलिस कर्मियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं गर्मी के मौसम में फिट रहने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।


फतेहाबाद। चिकित्सा टीम के साथ एसपी निकिता खट्टर।

### शिविर में दैनिक जीवन में योग के महत्व की दी जानकारी

**ओढां।** पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओढ़ा में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में खंड स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। आयुष विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खंड ओढ़ा के सभी शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक स्तर पर सफलतापूर्वक मनाने के लिए शिक्षकों को योग अभ्यास, योग प्रोटोकॉल और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## पैट्रो पदार्थों में वृद्धि पर कांग्रेसी भड़के, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि तथा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने लघुसचिवालय में भाजपा सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद एडीसी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश का आम नागरिक आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहा है। पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से परिवहन लागत बढ़ गई है, जिसके कारण खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दूध तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं रसोई गैस सिलेंडर की महंगाई ने मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि महंगाई के कारण आम परिवारों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है।


सिरसा। पेट्रो पदार्थों में वृद्धि के खिलाफ रोष करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### सेंट एमएसजी ग्लोरियस इंटरनेशनल स्कूल ने लहराया परचम

**सिरसा।** कैंब्रिज इंटरनेशनल असेसमेंट एजुकेशन द्वारा घोषित सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में सेंट एमएसजी ग्लोरियस इंटरनेशनल स्कूल सिरसा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए झंडे गाड़ दिए हैं। छात्राओं ने ए लेवल और आईजीसीएसई दोनों श्रेणियों में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के प्रमुख विषयों में ए स्टार और ए ग्रेड हासिल कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। छात्राओं, शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। प्रिंसीपल भारती ने बताया कि आईजीसीएसई 2025-26 में काव्या ने 3 ए स्टार, 3 ए और 1 बी ग्रेड प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### डाइट मताना में जिला स्तरीय योग ओलम्पियाड

# धांगड़ के शुभम व भट्टू की प्रीति ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डाइट मताना, फतेहाबाद में जिला स्तरीय योग ओलम्पियाड का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता डाइट प्रिंसिपल विनोद कुमार श्योराण के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए विद्यार्थियों ने अपनी योग कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दो मुख्य आयु वर्गों में किया गया, जिसमें कक्षा छठी से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। इन दोनों ही वर्गों में छात्र तथा छात्राओं के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई थीं। प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न ब्लॉकों से प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले चुनिंदा छात्र-छात्राओं ने ही इसमें भाग लिया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को आगामी राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्णायक मण्डल ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डाइट मताना के वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश मखीजा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता आशीष कुमार ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, प्रबुद्ध जनों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।


फतेहाबाद। डाइट मताना में आयोजित जिला स्तरीय योग ओलम्पियाड में भाग लेते विद्यार्थी।

#### यह रहे परिणाम

कक्षा छठी से 8वीं तक वर्ग में लड़कों में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांगड़ से शुभम प्रथम, यश द्वितीय व गुरूकुल मताना से हर्ष तृतीय रहे वहीं लड़कियों में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भट्टू से प्रीति प्रथम, गवर्मेंट हाई स्कूल धारनियां से अवनि द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्हड़ी से रितिका तृतीय स्थान पर रही।

## खबर संक्षेप

### 29 को खुईया टोल प्लाजा रहेगा पर्ची मुक्त

**सिरसा।** किसानों-मजदूरों की मांगों को लेकर पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान में क्रमवार तरीके से टोल प्लाजाओं को पर्ची मुक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय किसान एकता द्वारा 29 मई को खुईया टोल प्लाजा को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पर्ची मुक्त किया जाएगा। लखविंद्र सिंह ने बताया कि किसान आंदोलन भाग-एक एवं भाग-दो की शेष मांगों, किसान विरोधी कर-मुक्त व्यापार समझौतों के विरोध, बिजली संशोधन बिल 2025 तथा सीड्स बिल 2025 के विरोध सहित विभिन्न किसान-मजदूर मुद्दों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबवाली, कालांवाली और गोरीवाला तहसीलों के किसानों का खरीफ 2020 का बकाया मुआवजा तुरंत जारी किया जाए। इसके अलावा रोड़ी, कालांवाली, ओढ़ां तथा डबवाली क्षेत्र के खेतों में सिंचाई के लिए घग्गर नदी से फलड़ी नाला निकाला जाए तथा नहरी पानी की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए। भारतीय किसान एकता ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार करने, किसानों की गेहूं की बकाया पेमेंट जारी करने तथा किसानों-मजदूरों से जुड़े अन्य लंबित मुद्दों का समाधान करने की भी मांग उठाई है।

### अपेक्स स्कूल में कैंसर जागरूकता पर संगोष्ठी

**फतेहाबाद।** अपेक्स स्कूल में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राइट टू लाइफ फाउंडेशन की सचिव डॉ. रत्नला तुलसी कुमारी ने विद्यार्थियों को कैंसर के विभिन्न प्रकार, उसके शुरूआती लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सही समय पर जांच के माध्यम से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगवाने के लिए अभियान चलाया हुआ है।



### सिटीजन वाटिका पहुंचे आनंदवीर गिल्लाखेड़ा,

**फतेहाबाद।** नागरिक अधिकार मंच द्वारा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विकसित की गई सिटीजन वाटिका का पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा के पुत्र आनंदवीर सिंह गिल्लाखेड़ा ने निरीक्षण किया। वाटिका में पहुंचने पर सदस्यों ने उनका स्वागत किया। वाटिका की हरियाली और सुंदरता की सराहना करते हुए आनंदवीर सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आज के आधुनिक पार्कों का स्वरूप इसी सिटीजन वाटिका की तर्ज पर होना चाहिए।



### डीटीपी ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**ऐलनाबाद।** जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा शहरी राजस्व क्षेत्र ऐलनाबाद में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अनधिकृत कॉलोनी निर्माण कार्य को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई ऐलनाबाद के राजस्व क्षेत्र में बाई पास मोड़ नजदीक सब्जी मंडी में की गई। अभियान के दौरान कॉलोनी में बनाई गई अवैध कच्ची सडक़ें, डीपीसी तथा डिमार्केशन पोल को हटाया गया। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझडिया ने गुरुवार बताया कि यह कॉलोनी बिना किसी वैध अनुमति के लगभग चार एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी। जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।



खबर संक्षेप

## सीआईए ने हेरोइन सहित युवक दबोचा

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने अनाज मंडी क्षेत्र से एक युवक को 6.760 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अनाज मंडी कालांवाली से शक के आधार पर एक युवक को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6.760 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी अनमोल सिंह के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## रेडक्रॉस को मिली नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस

**फतेहाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से जिले को नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई है। एम्बुलेंस को सीटीएम गौरव गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सीटीएम ने कहा कि रेडक्रॉस संस्था हमेशा से मानवता की सेवा के लिए समर्पित रही है। नई एम्बुलेंस के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं, आपदा प्रबंधन एवं गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

## ऑनलाइन सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खाईवाली के आरोप में एक व्यक्ति को रंगे हाथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव ढाबीकलां निवासी कालूखान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 4500 रुपये की नकदी, एक एंड्रॉयड फोन और चार कीपैड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम हुडा सेक्टर क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा खाईवाली का धंधा चला रहा है।

## पिस्टल व जिंदा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को नाजायज पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम भट्टू कलां स्थित गौशाला के पास पहुंची, तो सडक़ पर खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

## हाकमवाला के पास से पकड़ा गया नशा तस्कर

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव नंगल निवासी राजू उर्फ बईया के रूप में हुई है। पुलिस टीम को अपने पास आता देख उसने हाथ में पकड़ा एक पारदर्शी मोमी पाउच छिपाने की कोशिश की। शक होने पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया।

### चिल्ली की दुर्दशा पर भड़कीं सांसद कुमारी सैलजा

# नप एमई को लगाई जबरदस्त फटकार 'एक-दूसरे को टोपी पहनाना बंद करो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। जनशिकायतों की सुनवाई करती सांसद कुमारी सैलजा।

लघु सचिवालय में हुई दिशा की अहम बैठक

लघु सचिवालय के पास स्थित डीपीआरसी हॉल में आयोजित जिला विकास एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में फतेहाबाद के ऐतिहासिक चिल्ली झील की बदहाली का मुद्दा पूरी तरह छाया रहा। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने चिल्ली झील की दुर्दशा और सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के एमई की क्लास लगाते हुए भरी मीटिंग में जमकर फटकार लगाई। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए बुलाई गई इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर सांसद का कड़ा रुख देखने को मिला। सांसद कुमारी सैलजा ने चिल्ली झील के मुद्दे पर नगर परिषद के एमई को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अधिकारी सिर्फ कागजों और मीटिंगों में जवाब देना जानते हैं, जमीन पर कोई काम नहीं होता। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा, बार-बार मीटिंग में सुनना आपको अच्छा लगता है। कम से कम चिल्ली की सफाई तो करवाइए। सफाई करवाने के लिए भी क्या अब बारिश का इंतजार करना पड़ेगा। चिल्ली झील में पूरी तरह घास उगी हुई है। आप लोग यहां आकर जिस तरह जवाब देते हो, बाहर जाकर कुछ नहीं करते। खुद को भी लगना चाहिए कि अगली बार पूछा जाएगा तो क्या जवाब देंगे। किस मुंह से आकर जवाब देते हो। लोगों की तो आपने सुननी नहीं है। लोग हमारे पास आते हैं। न लोगों की सुन रहे हो, न जनप्रतिनिधियों की। आप लोगों का यह तरीका बिल्कुल ठीक नहीं है। जब एमई ने इस पर अपनी सफाई देनी चाही, तो सांसद ने दो टूक शब्दों में कहा, एक-दूसरे को टोपी पहनाना बंद कीजिए। कौन सा डिपार्टमेंट क्या काम कर रहा है, इसका पता तो होना चाहिए।

### पानी टैंकरों पर लगाए पुराने टायर, सांसद

सांसद ने बैठक में पानी के टैंकर को लेकर फटकार लगाते हुए कार्यकारी अभियंता को कहा कि उन्हें मेरे नाम की स्पेलिंग तक नहीं आती है। टैंकर पर गलत नाम लिखे गए, जो टायर लगाए गए वह कटे हुए थे और पुराने लगाए गए है। मेरे से बिना अनुमति के टैंकर को रिलीज कर दिया गया। काम करने का तरीका ही गलत है। मैंने अपनी आंखों से न देखा होता पता ही नहीं चल पाता।

### बिजली और पानी के मुद्दों पर भी खिंचाई भिरड़ाना के युवकों ने खोली पोल

चिल्ली के अलावा बैठक में पेयजल और बिजली की किल्लत का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन बलविंद्र नैन ने जब दावा किया कि क्षेत्र में पीने के पानी की कोई दिक्कत नहीं है, तो सांसद ने कहा कि उनके पास सबसे ज्यादा शिकायतें पानी की ही आ रही हैं। इसी बीच बैठक में मौजूद गांव भिरड़ाना के दो युवकों ने एक्सईएन के सामने ही पोल खोलते हुए कहा कि इतने बड़े गांव में सिर्फ 40 मिनट पानी की सप्लाई आती है, जिससे लोग टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं। इस पर एक्सईएन ने खुद गांव का निरीक्षण करने की बात कही। सांसद ने बिजली निगम के एसई एसएस रॉय से उनके दफ्तर में बैठने को लेकर सवाल किया। एसई ने स्पष्ट किया कि अब उनके पास सिर्फ फतेहाबाद का चार्ज है, इसलिए वे नियमित ऑफिस आ रहे हैं और हर मंगलवार को शिकायतें सुन रहे हैं। सांसद ने उन्हें कार्यकर्ताओं द्वारा बताई गई बिजली समस्याओं को तुरंत हल करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित तमाम विभागों के प्रमुख मौजूद रहे। विकास कार्यों में आ रही देरी को देखते हुए सांसद सैलजा ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगली बार मीटिंग में संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को भी साथ लेकर आएं ताकि जवाबदेही तय की जा सके।

### कार्यकर्ताओं से मुलाकात और स्व. राजीव गांधी को नमन

दिशा बैठक में शामिल होने से पहले सांसद कुमारी सैलजा ने पुराने रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर टोहाना विधायक परमवीर सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा और जिला पार्षद प्रतिनिधि जसमेर सिवाच सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


फतेहाबाद। प्रशिक्षण शिविर को लेकर चाय पर चर्चा करते भाजपा नेता।

# 23 व 24 को अग्रोहा में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

- प्रशिक्षण शिविर को लेकर बैठक में गतिविधियों को लेकर तय की गई पदाधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा हाई कमान के निर्देशानुसार फतेहाबाद जिला के कार्यकर्ताओं के लिए 23 व 24 मई को अग्रोहा शक्ति पीठ में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा सरकार के चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा और जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य ने शिरकत की।

तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित इस बैठक में विभिन्न गतिविधियों के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटियां भी तय की गईं। इस अवसर पर जिला महामंत्री विकास ललौदा, मुलखराज चावला, जगदीश नायक, रमेश जोईया और जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### करेंगे जागरूक

चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा और जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न क्षेत्रों में कुशल बनाना जरूरी है। अग्रोहा शक्ति पीठ में होने वाले इस भव्य शिविर में कुल 12 सत्र होंगे, जिनमें देश और प्रदेश स्तर के दिग्गज नेता अपने अनुभवों से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यकर्ताओं की वैचारिक मजबूती और बौद्धिक विकास के लिए उन्हें लैपटॉप बैग और आवश्यक साहित्य पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी मुख्य ताकत इसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। इस शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, जनसंपर्क और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। शिविर को सफल बनाने के लिए अग्रोहा शक्ति पीठ में कार्यकर्ताओं के ठहरने के लिए वातानुकूलित कमरे, सभागार और बड़ी एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही दोनों दिन कार्यकर्ताओं के लिए सुबह के नाश्ते, दोपहर के भोजन और ब्रेक के दौरान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है।

# नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप: अशोक

- आईटीआई में छात्रों को नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। भिरड़ाना में विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिरड़ाना में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्थान के प्राचार्य रमेश कुमार के मार्गदर्शन में संस्थान के अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि नशा भावी पीढियों के लिए अभिशाप है। नशा मनुष्य का सबसे ब?ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले मां अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। अंत में सभी को नशा न करने की शपथ ग्रहण करवाई गई।

## 27 तक चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान

**फतेहाबाद।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा तथा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के निर्देशानुसार जिला की सभी ग्राम पंचायतों में 27 मई तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति व्यवहारगत बदलाव लाना है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान गांवों में घर-घर जाकर लोगों को कचरे के स्रोत पर पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक तथा स्वच्छता संबंधी नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# जांडली में होगी 12वीं तक की पढ़ाई

- गांव जांडली खुर्द के राजकीय स्कूल को मिला सीसे स्कूल का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



भूना। शहीद बलवंत राय राजकीय हाई स्कूल जांड़लीखुर्द का मुख्य द्वार।

शहीद बलवंत राय राजकीय हाई स्कूल जांडलीखुर्द को हरियाणा सरकार ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा दे दिया है। सरकार के इस फैसले से गांव के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। ग्राम पंचायत जांड़लीखुर्द के सरपंच बलवंत सिंह पूनिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। सरपंच बलवंत सिंह पूनिया ने कहा कि अब तक गांव के छात्रों को दसवीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए कई किलोमीटर दूर भूना, जांडलीकला, मोची-चौबारा सहित अन्य स्कूलों में जाना पड़ता था। इससे विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गांव में लंबे समय से स्कूल को अपग्रेड करने की मांग उठ रही थी। उन्होंने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर स्कूल को सीनियर सेकेंडरी का दर्जा देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने मांग पर सकारात्मक संज्ञान लेते हुए शहीद बलवंत राय राजकीय हाई स्कूल जांड़लीखुर्द को सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा प्रदान किया।

### प्राचार्य की नियुक्ति

मुख्यअध्यापक कुलजीत रेड्डू ने बताया कि सरकार के आदेश के बाद इस शैक्षणिक सत्र से ही 12वीं तक की कक्षाएं शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल अपग्रेड होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। अब मुख्याध्यापक की जगह प्रिंसिपल कार्यभार संभालेंगे।


भट्टूकलां। गांव सिरढ़ान में विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते आयुष योग सहायक।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति का सबसे बड़ा संदेश : सतवीर

**भट्टूकलां।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार, हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव सिरढान के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विशेष योग जागरूकता एवं योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फतेहाबाद जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान, जिला योग स्पेशलिस्ट अंबिका पांटा तथा ब्लॉक योग समन्वयक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वजीत जांगड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान आयुष योग सहायक सतवीर सिंह और अनिल कुमार ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने नियमित योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को अनुशासित बनाने के गुर सिखाए। शिविर के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए आयुष योग सहायक सतवीर सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनुपम पहचान है और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विद्या का लोहा मान रही है।

# शिविर में प्राणायाम का कराया अभ्यास

- योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन पंरपरा, विश्व अपना रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। पीलीमंदौरी में योगाभ्यास करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

शहीद मनोज दहिया राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और स्टाफ ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। मुख्याध्यापक उतम शर्मा ने कहा कि योग सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित करने तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। योग भावनात्मक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। नियमित योगाभ्यास करने वाला व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और व्यक्ति का जीवन सकारात्मक दिशा में बदलता है।

### ताड़ासन व वृक्षासन का कराया अभ्यास

कार्यक्रम में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, पवनमुक्तासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और ध्यान प्राणायाम सहित कई अभ्यास कराए गए। इस दौरान पूनम बेनिवाल, मीनू कड़वासरा, तमन्ना, कविता, प्रदीप सरोहा व राजकुमार सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

**सिरसा।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब, नांदेड़ की यात्रा पर गए श्रद्धालु वीरवार सुबह वापिस सिरसा पहुंचे। यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी और आध्यात्मिक उत्साह साफ दिखाई दिया। गौरतलब है कि बीती 15 मई को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत सिरसा से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए विशेष ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस विशेष ट्रेन में हरियाणा के विभिन्न जिलों से 800 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए थे। यात्रा के दौरान खान-पान, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं के बेहतर प्रबंध किए गए थे। उन्होंने इस धार्मिक यात्रा को यादगार और आध्यात्मिक अनुभव बताया।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को कचरा संग्रहण पर किया जागरूक

**सिरसा।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा तथा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 27 मई तक विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता और व्यवहारगत बदलाव लाना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्पित संगल ने बताया कि अभियान के दौरान गांवों में घर-घर जाकर लोगों को कचरे के स्रोत पर पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक तथा स्वच्छता संबंधी नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा गांवों में कचरा एकत्र होने वाले स्थानों की पहचान कर वहां विशेष सफाई अभियान भी चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### दुनिया के टॉप 300 विश्वविद्यालयों में शामिल हुई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी

# क्यूएस वर्ल्ड सब्जैक्ट रैंकिंग्स-2026 में चंडीगढ़ विवि ने मनवाया लोहा: प्रो. बावा

बीई आईटी की छात्रा खुशबू को ईपीएएम कंपनी से मिला आठ लाख का पैकेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा


सिरसा। मीडिया से बातचीत करते प्रो. बावा। फोटो: हरिभूमि

आधुनिक शिक्षण प्रणाली और प्लेसमेंट ही किसी शिक्षण संस्थान की असली पहचान होते हैं। ऐसे में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड सब्जैक्ट रैंकिंग्स-2026 में ग्लोबल स्तर पर अपना लोहा मनवाया है, जिसमें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कंप्यूटर साइंस और इन्फॉर्मेशन सिस्टम, इलेक्ट्रिकल-इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और मैकेनिकल, ऐरोनॉटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग जैसे तीन मुख्य विषयों में बढ़त के साथ दुनिया की टॉप 300 यूनिवर्सिटीयों में अपनी जगह बनाई है। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. आरएस बावा ने कही। उन्होंने ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने सब्जेक्ट रैंकिंग में अपनी स्थिति को दुगनी से अधिक मजबूती दी है।

### सिरसा के बच्चों को मिला अच्छा ऑफर

प्रो. बावा ने बताया कि सिरसा निवासी आर्यन मेहता, जिसने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक कर रहा है जोरोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से 6 लाख रुपए सालाना का ऑफर मिला है। इसी तरह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीई आईटी कर रही सिरसा निवासी खुशबू को ईपीएएम कंपनी से 8 लाख रुपए सालाना का ऑफर मिला है। सिरसा की बीई आईटी की एक और स्टूडेंट गायत्री को ईपीएएम में नौकरी मिली है। सिरसा का रहने वाला सुमित, जो चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक कर रहा है उसे सैनडिस्क इंडिया डिवाइस डिजाइन सेंटर प्राइवेट लि टिड (ए डब्ल्यूडीसी कंपनी) से 21.1 लाख रुपए सालाना का ऑफर मिला है। सिरसा की रहने वाली चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट दीया जो चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की पढ़ाई कर रही है, उसे जेडएस एसोसिएशन इंडिया प्राइवेट लिमटेड से 13.65 लाख रुपए सालाना और केपजिनी इंडिया प्राइवेट लिमटेड से 4.25 लाख रुपए सालाना का ऑफर मिला है।

## टोहाना में मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मारपीट और रास्ता रोककर हमला करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहित निवासी किला मोहल्ला, टोहाना और गुरदीप उर्फ गोलू निवासी गांव कालवान, जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात के समय इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक स्कूटी भी बरामद कर ली है। शिकायत के अनुसार, बीते 9 मई को नीरज अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर टोहाना के सन्नी मंदिर में माथा टेकने जा रहा था। जब वह रतिया रोड स्थित सन्नी मंदिर के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उसके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।